बिहार पुलिस मुख्यालय

(विशेष कार्य बल)

दिनांक–23.09.2024

पटना जिला का एक लाख का ईनामी कुख्यात वांछित अपराधकर्मी बिट्टू कुमार उर्फ बजरंगी एवं उसका सहयोगी अपराधी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- दिनांक 22.09.24 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पटना जिला का एक लाख का ईनामी कुख्यात वांछित अपराधकर्मी 1. बिट्टू कुमार उर्फ बजरंगी पे0 प्रभु यादव सा0 भिखुआ थाना फतुहा जिला पटना एवं 2. राजेश कुमार पे0 उमेश पासवान सा0 मेहरारी चक थाना गौरीचक जिला पटना को पटना जिला के धनरूआ थाना क्षेत्र से अवैध आग्नेयास्त्र के साथ छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।
- उक्त अपराधकर्मियों के पास से निम्नलिखित अवैध आग्नेयास्त्र बरामद किया गया है–
    1. देशी पिस्टल–01
    2. मोबाईल–03
- उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधकर्मी अपने अन्य सहयोगी अपराधकर्मी के साथ मिलकर किसी व्यक्ति की हत्या करने की योजना बना रहा था।
- अपराधकर्मी बिट्टू कुमार उर्फ बजरंगी के विरूद्ध पटना जिला के विभिन्न थाना में लूट, डकैती एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।